


# अश्विनी शोध संस्थान ने शिप्रा तट पर मनाया हिंदू नववर्ष

**महिदपुर।** नगर की प्रतिष्ठित पुरातात्विक संस्थान अश्विनी शोध संस्थान द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हिंदू नववर्ष गुड़ी पड़वा का पर्व धुलेट स्थित पूर्ववाहिनी मां क्षिप्रा तट पर नव वर्ष उत्सव के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के निदेशक डॉ. आरसी ठाकुर एवं उद्यमी तथा समाजसेवी सुभाष ठाकुर ने सम्राट विक्रमादित्य के चित्र पर माल्यार्पण व पूजन कर किया।

सूर्योदय होने पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने ढोल, नगाड़े और शंख ध्वनि के साथ सामूहिक रूप से सूर्य को अर्ध्य दिया और मां क्षिप्रा को चुनरी ओढ़ाई। सम्राट विक्रमादित्य और क्षिप्रा मैया की आरती के पश्चात सभी ने एक-दूसरे को हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर नगर के प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी अजय हिंगे एवं तहसीलदार संतुष्टि पाल उपस्थित रहे एवं आयोजन की सराहना की। संस्थान के निदेशक डॉ. आरसी ठाकुर ने अपने संबोधन में बताया कि इस हिंदू नववर्ष का नाम रौद्र है। उन्होंने कहा कि यह वर्ष भारत के लिए गौरवशाली रहेगा और देश हर क्षेत्र में नई उपलब्धियां हासिल करेगा।



### बड़ी संख्या में लोग रहे उपस्थित

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भगवानसिंह पंवार, नारायणसिंह डोडिया, जवाहर डोसी, नरेंद्र पांचाल दर्पण, संजय सेवक, अर्जुनसिंह ठाकुर, विशाल शर्मा, सतपालसिंह गांधी, डॉ. राजेश मेहता, स्वस्तिक चौधरी, पं. अशोक जोशी, जंगी सोलंकी, लोकेंद्र मांडीवाल, दुर्गाशंकर व्यास, मनोहर मल्होत्रा, सुनील भानोपिया, शैलू देवलिया, राहुल राठौर, संतोष ठाकुर, संतोष परमार, पप्पू सिसौदिया, शिवनारायण राठौर, गौरव सोनगरा एवं महेश जोशी, रजनी गुलाटी सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित थी। इसके पश्चात धुलेट से एक वाहन रैली भी निकाली गई जो नगर के प्रमुख मार्गों से निकलकर पुराने बस स्टैंड पर समाप्त हुई। संचालन नरेंद्र पांचाल दर्पण ने किया। अंत में आभार संजय सेवक ने माना।

उन्होंने भावी पीढ़ी को सनातन धर्म के अनुसरण और अपनी संस्कृति को उच्च शिखर पर ले जाने की प्रेरणा दी। डॉ. ठाकुर ने ऐतिहासिक संदर्भ देते हुए बताया कि महाराजा विक्रमादित्य इसी तट पर स्नान कर भगवान धूर्जटेश्वर का पूजन किया करते थे, जिससे इस स्थान का पुरातात्विक महत्व और बढ़ जाता है। इसके अलावा भगवानसिंह पंवार एडवोकेट, सुभाष ठाकुर, जवाहर डोसी पत्रकार एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष उमा पांडे ने संबोधित किया तथा सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दी।

# श्री अग्रवाल जेसिस ने गोपाल मंदिर चौक पर राहगीरों के लिए शुरू की प्याऊ

▶ 16 वर्षों से जारी है सेवा, मिट्टी के मटकों वाली पारंपरिक प्याऊ का हुआ शुभारंभ

**उज्जैन।** हिंदू नववर्ष, गुड़ी पड़वा और नवरात्रि के उपलक्ष्य में गोपाल मंदिर चौक पर श्री अग्रवाल जेसिस द्वारा राहगीरों के लिए ठंडे जल की प्याऊ का शुभारंभ किया गया।

संस्था के अध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल और सचिव मोहित अग्रवाल ने बताया कि श्री अग्रवाल जेसिस द्वारा राहगीरों को ग्रीष्मकाल में शीतल जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पिछले 16 वर्षों से निरंतर मिट्टी के मटकों वाली पारंपरिक प्याऊ लगाई जा रही है। इस वर्ष प्याऊ का शुभारंभ भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व पार्षद विजय अग्रवाल, वरिष्ठ समाजसेवी अजीत मंगलम, उज्जैन परस्पर सहकारी बैंक के डायरेक्टर राजेश गुप्ता और वरिष्ठ समाजसेवी केतन माहेश्वरी ने विधिवत पूजन कर किया। इस अवसर पर पंडित भट्ट, संस्था के पूर्व अध्यक्ष महेश अग्रवाल, सत्यनारायण अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, संदीप बिंदल, योगेश गुप्ता, तुलसीदास राघवानी, गोपाल मंदिर व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश परमार, जीतू राघवानी, संदीप राघवानी और रोशन नागर सहित अन्य कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में कोषाध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने सभी का आभार माना।



## एक नजर में

### बिजली की चमक व आंधी के साथ बादल छाए

**घट्टिया।** गत दिनों की तेज गर्मी व धूप के बाद गुरुवार शाम 6 बजे बाद अचानक आसमान में घने बादल छाए व बिजली की चमक के साथ तेज हवा व आंधी चली। मौसम में आए अचानक परिवर्तन से किसानों में अफरा-तफरी मच गई। इस समय गेहूं व चने फसलें पककर तैयार हैं व कई खेतों में फसल कटी हुई पड़ी हैं। जिससे की फसलों के भीगने व खराब होने की संभावना के चलते किसान फसलों को पानी से बचाने की दोड़ धूप में लगा है। गत माह भी अचानक आयी मावठे की बारिश व ओलावृष्टि से फसलें आड़ी पड़ गई थीं व अब बेमौसम आयी बारिश व मौसम परिवर्तन से मुंह में आया निवाला छीनने की चिंता सताने लगी है।

### प्रेमचंद सृजन पीठ : व्यंग्य पाठ आज

**उज्जैन।** प्रेमचंद सृजनपीठ उज्जैन द्वारा साहित्य अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद के तत्वावधान में विक्रमादित्य शोध पीठ में समकालीन व्यंग्य के समक्ष चुनौतियां विषय पर विमर्श और व्यंग्य पाठ का आयोजन आज 21 मार्च शनिवार प्रातः 11 बजे से किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए प्रेमचंद सृजनपीठ उज्जैन के निदेशक मुकेश जोशी ने बताया कि प्रथम सत्र में समकालीन व्यंग्य के समक्ष चुनौतियां विषय पर विमर्श सत्र की अध्यक्षता प्रख्यात व्यंग्यकार-समीक्षक शशांक दुबे करेंगे। मुख्य अतिथि वरिष्ठ व्यंग्यकार डॉ. पिलकेंद्र अरोरा होंगे। मुख्य वक्ता भोपाल के प्रसिद्ध व्यंग्यकार कुमार सुरेश और वरिष्ठ व्यंग्यकार शांतिलाल जैन होंगे। द्वितीय सत्र में व्यंग्य पाठ में आमंत्रित व्यंग्यकारों में मलय जैन (भोपाल), विजी श्रीवास्तव, ललित उपमन्यु, रमेशचंद्र शर्मा, प्रेमचन्द द्वितीय, जगदीश ज्वलंत, आशीष दशोत्तर, राजेन्द्र देवधरे दर्पण और संदीप सृजन सम्मिलित हैं। सूत्रधार डॉ. हरीशकुमार सिंह होंगे।

### संत-भक्त निवास के निर्माण कार्य का शुभारंभ



**इंदौर।** श्री अन्नपूर्णा आश्रम मंदिर परिसर में हिन्दू नववर्ष के शुभारंभ प्रसंग पर विष्णु-गीता बिंदल चैरिटेबल ट्रस्ट ने अपने पूर्वजों की स्मृति में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरि एवं स्वामी जयेंद्रानंद गिरी के सानिध्य में 14 हजार वर्गफीट क्षेत्र में संत निवास एवं भक्त निवास के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया. आचार्य पं. कल्याण दत्त शास्त्री के निर्देशन में पूजन विधि ट्रस्ट के प्रमुख विष्णु-श्रीमती गीता बिंदल एवं हितेश-अर्पिता बिंदल ने सम्पन्न की. संत निवास एवं भक्त निवास का निर्माण अन्नपूर्णा मंदिर के पीछे तीन मंजिला भवन के रूप में किया जाएगा जिसमें संतों के निवास हेतु 60 कमरें, एक रसोईघर तथा एक सभागृह के अलावा 4 बड़े कक्ष भी बनाए जाएँगे, जहाँ संतों के साथ आने वाले उनके सहयोगी भी विश्राम कर सकेंगे. भवन का निर्माण कार्य एक से डेढ़ वर्ष की अवधि में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है. इस भवन के निर्माण से अन्नपूर्णा लोक के रूप में नवश्रृंगारित मंदिर के दर्शनार्थ आने वाले संतों और भक्तों के लिए आवास-निवास की पर्याप्त व्यवस्था हो सकेगी. इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी विनोद अग्रवाल एवं प्रेमचंद गोयल सहित अन्नपूर्णा मंदिर के न्यासीगण टीकमचंद गर्ग, दिनेश मित्तल, श्याम सिंघल, पवन सिंघानिया मोयरा, सत्यनारायण शर्मा, सुनील गुप्ता, वजिंदर सिंह छाबड़ा, जगदीश भाई पटेल, निर्मल रामरतन अग्रवाल, किशोर गोयल, विनोद सिंघानिया, भूपेश गुप्ता, गौरव पटेल सहित बड़ी संख्या में आश्रम एवं ट्रस्ट से जुड़े सहयोगी बंधु उपस्थित थे.

### खण्डेलवाल स्मार्ट लेडीज सोशल ग्रुप का गणगौर उत्सव



**इंदौर।** खण्डेलवाल स्मार्ट लेडीज सोशल ग्रुप द्वारा गणगौर उत्सव उत्साह और पारंपरिक रीति- रिवाजों के साथ मनाया. कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सजी-धजी होकर भाग लिया और आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं. अध्यक्ष सीमा खण्डेलवाल एवं मीडिया प्रभारी तनुजा खण्डेलवाल ने बताया कि सास-बहू थीम विशेष आकर्षण का केंद्र रही. सभी महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लेकर उत्सव को जीवंत बना दिया. कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने नृत्य एवं गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिससे माहौल पूरी तरह उत्सवमय हो गया. आयोजन की संयोजक शिवानी धामनी, सुनीता बड़गौती, श्वेता धामनी एवं निधि कूलवाल सहित अन्य रही. रिश्तों के रंग सास बहु के संग की थीम आकर्षण का केंद्र रही. सचिव अद्विता बड़गौती एवं कोषाध्यक्ष नीलू राजौरिया सहित अन्य मौजूद रही.

### सामुदायिक विकास केंद्र का किया उद्घाटन

**इंदौर.** आइशर सामुदायिक विकास केंद्र (ई-सीडीसी) का उद्घाटन आइशर ट्रक्स और बसेस ने पीथमपुर में किया. आइशर ग्रुप फाउंडेशन की स्थानीय क्षेत्र विकास पहल के तहत स्थापित, यह केंद्र विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र से जुड़े समुदायों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्रों में निरंतर सामाजिक प्रभाव डालने के लिए डिज़ाइन किया गया है. ई-सीडीसी प्रमुख विकास क्षेत्रों में लक्षित हस्तक्षेप प्रदान करने के लिए एक एकीकृत मंच के रूप में कार्य करता है, जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा और स्थायी आजीविका के अवसरों तक पहुँच को मजबूत करता है. विग्यात सिंह, डाइरेक्टर, आइशर ग्रुप फाउंडेशन ने कहा आइशर ग्रुप फाउंडेशन में, हमारा सीएसआर दृष्टिकोण स्पष्ट रूप से परिभाषित प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर आधारित है।

# दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन का 30वां राष्ट्रीय अधिवेशन कार्यालय शुरू

▶ उज्जैन रीजन को मिली मेजबानी, 12 अप्रैल को राजस्थान के चांदखेड़ी में होगा भव्य आयोजन




**उज्जैन।** दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के 30वें राष्ट्रीय अधिवेशन की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में आयोजन कार्यालय का विधिवत शुभारंभ नानाखेड़ा स्थित हर्षदीप बिजनेस पार्क में संपन्न हुआ। यह एक दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन 12 अप्रैल 2026 रविवार को राजस्थान के पावन अतिशय क्षेत्र चांदखेड़ी में आयोजित किया जाएगा। इस बार आयोजन की जिम्मेदारी उज्जैन रीजन को सौंपी गई है।

**पोस्टर एवं ऑनलाइन पंजीयन फॉर्म का विमोचन:** राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी प्रशांत चौधरी ने बताया कि अधिवेशन को लेकर सभी स्तरों पर व्यापक तैयारियां प्रारंभ हो चुकी हैं। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन एवं मंगलाचरण से हुई। अतिथियों के स्वागत सत्कार के पश्चात अधिवेशन के पोस्टर एवं ऑनलाइन पंजीयन हेतु गूगल फॉर्म का विमोचन किया गया।

**सामूहिक सहयोग से ऐतिहासिक बनेगा आयोजन:** शुभारंभ के अवसर पर फेडरेशन के निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश विनायका ने कहा कि पदाधिकारियों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति यह संकेत दे रही है कि यह अब तक का सर्वश्रेष्ठ अधिवेशन होगा। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अश्विन कासलीवाल ने कहा कि पिछले राष्ट्रीय अधिवेशन की जिम्मेदारी उज्जैन के सम्यक् ग्रुप ने बखूबी निभाई थी। उन्हें पूर्ण विश्वास है कि उज्जैन रीजन इस बार इस अधिवेशन को और भी अधिक भव्य बनाएगा। वहीं, कॉन्फ्रेंस चेयरमैन हितेष जैन ने कहा कि सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का सामूहिक सहयोग ही इस अधिवेशन की सफलता की कुंजी है। इस अवसर पर अध्यक्षीय सलाहकार आशीष जैन सुतवाला, उज्जैन रीजन अध्यक्ष नवीन जैन, रीजन सचिव मनीष जैन, रीजन एवं कॉन्फ्रेंस कोषाध्यक्ष रत्नेश जैन सहित उज्जैन, देवास एवं इंदौर के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन विमल जैन ने किया।

# इंसान गुरु के ज्ञान के बजाय गूगल के ज्ञान का हो गया है आदि : मुनिश्री

**नागदा। मीडिया प्रभारी नितिन बुडावनवाला ने बताया कि पूज्य युवाचार्य महेन्द्रऋषि ठाणा-4 एवं उपप्रवर्तिनी दिव्य ज्योति आदि ठाणा-9 का नागदा नगर में चतुर्विद संघ के साथ मंगल प्रवेश हुआ।**

महावीर भवन में प्रवेश पश्चात् युवाचार्य ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम चतुर्विद संघ के साथ नागदा जंक्शन में आये हैं। जंक्शन मतलब जहां सभी गाड़ियां रुकती हैं। इसी प्रकार संत सतीया जंक्शन पर रुककर विचरण करते हैं। आज के लोग गुरू के ज्ञान को ताक में रखकर गुगल के ज्ञान के आदि हो गये है। प्रभाजी ने कहा कि चिंता और चिता दोनो सगी बहने है। चिता मुर्दे को जलाती है, चिंता जीते जी जला देती है। काव्याश्रीजी ने कहा कि हम कहते है कि हमने परमात्मा की शरण ले रखी है, पर हम गृहस्थी की शरण में है। हमें शरण करना है तो अर्जुन जैसी, अर्जुन का कहना है कि कृष्ण साथ है तो किसी की शरण नहीं चाहिये। धर्मसभा में मधुलिका नाहर ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। पुरूषोत्तम पोरवाल ने अपने विचार रखे। संचालन अरविन्द नाहर ने किया। आभार संघ अध्यक्ष प्रकाश सांवेरवाले ने माना। प्रवचन पश्चात् स्थानकवासी श्रीसंघ का सहभोज स्वामीवात्सल्य जीवदया समित में किया गया।

### साईं भक्तों पर पुष्प वर्षा

इंदौर. नंदा नगर क्षेत्र की गलियां और सड़कें गुरुवार को सुबह रंगोली, फूलों और भगवा पताकाओं सहित रंगबिरंगी सजावट से दमक उठीं. केन्द्रीय साईं सेवा समिति की मेजबानी में हिन्दू नववर्ष के उपलक्ष्य में शहर के 200 से अधिक साईं मंदिरो से जुड़े भक्तों का उत्साह इस कदर परवान चढ़ा कि करीब 30 स्थानों पर भजनों के बीच नाचते गाते श्रद्धालुओं ने पालकी का पूजन कर साईं भक्तों पर पुष्प वर्षा भी की और बाबा के जयघोष से क्षेत्र को गुंजायमान बनाए रखा. कई साईं भक्तों ने रतजगा कर परिवार सहित अपने घर आँगन की सजावट की. प्रभात फेरी का शुभारंभ अनूप टॉकीज के सामने स्थित विनोद यादव बब्बू के निवास से हुआ जहाँ केन्द्रीय साईं सेवा समिति की ओर से अध्यक्ष गौतम पाठक, प्रदीप यादव, चंदू कुंजीर, पार्षद रुपेश देवलिया, समीर जोशी, आलोक खादीवाला, पार्थ मोहन सेंगर, ज्ञानेश्वर होल्कर सहित सैकड़ों साईं भक्तों ने भजन गायक प्रदीप परमार और ध्रुव सेठी की प्रस्तुतियों के बीच नाचते गाते हुए बाबा की पालकी का पूजन किया.

# नि :शुल्क हृदय जांच शिविर अभियान के 102 शिविर, चिंतामण जवासिया में आयोजन



▶ आज 21 मार्च शनिवार को तराना विधानसभा के ग्राम परी अंतर्गत देवनारायण मंदिर में शिविर आयोजित होगा

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की प्रेरणा से प्रारंभ किए गए नि:शुल्क हृदय जांच शिविर अभियान के अंतर्गत 102 शिविर संपन्न हुए हैं। अभियान की इस श्रृंखला में शुक्रवार को दक्षिण विधानसभा के ग्राम चिंतामण जवासिया में शिविर संपन्न हुआ। आज शनिवार 21 मार्च को तराना विधानसभा के ग्राम परी स्थित देवनारायण मंदिर में शिविर आयोजित किया जाएगा।

अभियान के मुख्य संयोजक एवं भाजपा अजा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यनारायण खोईवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रेरणा से मित्र समूह पूर्णिमाश्री सेवा संगठन द्वारा जिला प्रशासन के विशेष सहयोग से संपूर्ण उज्जैन जिले में नि:शुल्क हृदय जांच शिविर अभियान 'दिल से कहो अपने मोहन जी है न' चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत अभी तक 102 शिविर संपन्न हो चुके हैं। इन शिविरों में आयुष्मान हेतु अधिसूचित अशासकीय अस्पतालों के माध्यम से हजारों लोगों ने अपनी हृदय जांच करवाई और नि:शुल्क परामर्श व उपचार का लाभ लिया है। अभियान के अंतर्गत अनेक नागरिकों ने नि:शुल्क ऑपरेशन की सुविधा का लाभ भी लिया है।

खोईवाल ने बताया कि शिविरों की श्रृंखला में शुक्रवार 20 मार्च को दक्षिण विधानसभा के चिंतामण जवासिया में शिविर का आयोजन किया गया। आज 21 मार्च को तराना विधानसभा के ग्राम परी स्थित देवनारायण मंदिर में अमलतास सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल देवास के सहयोग से शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविरों में इन अस्पतालों के हृदय रोग विशेषज्ञ अपनी नि:शुल्क सेवाएं प्रदान करेंगे। साथ ही ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, लिपिड प्रोफाइल, ईसीजी एवं इको तक की जांच नि:शुल्क की जाएगी।

### शिविर का लाभ लेने का आह्वान

प्रधानमंत्री मोदी की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान के अंतर्गत आयोजित नि :शुल्क जांच, परामर्श एवं ऑपरेशन जैसी सुविधाओं का लाभ लेने हेतु भाजपा जिला अध्यक्ष संजय अग्रवाल, भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजेश धाकड़, राज्यसभा सांसद उमेशनाथ महाराज, सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल, नगर निगम सभापति कलावती यादव, दिलीप सिंह शेखावत, वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश अग्रवाल, राजपाल सिंह सिसौदिया, मदन सांखला, श्याम बंसल, बहादुर सिंह बोरमुंडला, इकबाल सिंह गांधी, रूप पमनानी, वरिष्ठ भाजपा नेता ओम जैन, डॉ. रवि सोलंकी, मीना जोनवाल, सोनू गहलोत, वीरेंद्र कांवरिया, सुल्तान सिंह शेखावत, जिलाधीश रोशन कुमार सिंह, सीएमएचओ अशोक कुमार पटेल, पूर्णिमाश्री सेवा संगठन के अध्यक्ष विक्रम सिंह गोंदिया, धर्मेन्द्र सिंह भदौरिया, उज्जैन नगर अभियान संयोजक दीपक अग्रवाल, प्रकाश गोमे, कन्हैयालाल चैहान, विजय द्विवेदी, बाबूलाल पंवार, मनोज मकवाना, विपुल धारीवाल सहित संगठन के सभी पदाधिकारियों ने शहरवासियों से शिविर में पधारकर स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील की है।

**एक नजर** ▶ बालरूप में सजे राम-सीता ने मोहा मन, समाज की प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

# गुड़ी पड़वा पर निकली महाराष्ट्र सांस्कृतिक मंडल की राममय शोभायात्रा

**उज्जैन। महाराष्ट्र सांस्कृतिक मंडल के तत्वावधान में गुड़ी पड़वा और हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष्य में महानंदा नगर में एक विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूरा क्षेत्र राममय नजर आया और समाज के हर वर्ग ने पारंपरिक उत्साह एवं भक्तिभाव के साथ नव संवत्सर का स्वागत किया।**

शोभायात्रा का शुभारंभ भारतीय ज्ञानपीठ से हुआ। इसमें समाज के वरिष्ठजन, युवा, महिलाएं और बच्चे अपनी पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए, जो भारतीय संस्कृति की जीवंत झलक पेश कर रहे थे। शोभायात्रा के मुख्य आकर्षण के रूप में एक सजी-धजी बग्गी में प्रभु श्रीराम का चित्र सुशोभित था। साथ ही, समाज के नन्हे बच्चों ने राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान जी का स्वरूप धारण कर सभी का मन मोह लिया। रथ पर मृदुल वैद्य-राम, ईशान पाटे-लक्ष्मण, काव्या जोशी-हनुमान और अमाया भावे-सीता के स्वरूप में विराजमान थे। यह यात्रा महानंदा नगर और महाशक्ति नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से भ्रमण करती हुई पुनः भारतीय ज्ञानपीठ पर संपन्न हुई।



**शीतल पेय और स्वल्पाहार से हुआ स्वागत:** यात्रा के दौरान मार्ग में विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा कर आत्मीय स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जगह-जगह शीतल पेय और जल की व्यवस्था की गई थी। भारतीय ज्ञानपीठ स्कूल द्वारा भी शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया तथा सभी प्रतिभागियों के लिए स्वल्पाहार का प्रबंध किया गया। परिसर का माहौल पूरी तरह भक्तिमय रहा और सभी ने एक-दूसरे के गले मिलकर नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं।

### ▶ प्रतिभाओं का किया गया विशेष सम्मान

इस मांगलिक अवसर पर समाज की प्रतिभाओं को उनकी विशेष उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। एमए मराठी में स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर यश चुनेकर का सम्मान किया गया। वहीं, वाणिज्य विषय में स्कूलों के शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों के बीच तनाव का विश्लेषणात्मक अध्ययन विषय पर शोध कर पीएचडी की उपाधि प्राप्त करने पर डॉ. मधु वर्मा करवड़े पत्नी उत्कर्ष करवड़े का विशेष सम्मान किया गया। कार्यक्रम को मंडल के सचिव दीपक मेंढालकर, कार्यकारिणी सदस्य गौतम विपट एवं रवींद्र हरणे ने संबोधित किया। आभार उपाध्यक्ष राजश्री जोशी ने माना। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंडल के संरक्षक राघवेंद्र व्यास काका, अध्यक्ष दीपक तारे, सचिव दीपक मेंढालकर, सह सचिव मिलिंद लेले, कोषाध्यक्ष आनंद चंपक, उपाध्यक्ष राजश्री जोशी, कार्यकारिणी सदस्य अनुकूल उमरेकर, सदाशिव नायगांवकर, प्रदीप बहुलकर, प्रदीप जोशी, प्रकाश रांगणेकर, वसंत देशपांडे, मयंक फंसळकर, निलेश अंबेडकर, राजेश जोशी, हेमंत येवलेकर, ज्योति मेंढालकर, माधवी चंपक और अर्चना हरणे सहित संपूर्ण कार्यकारिणी सहित समाजजनों का सराहनीय सहयोग रहा।